an>

Title: Need to streamline the arrangements for providing timely treatment in hospitals like AIIMS, RML, Safdarjung etc. in Delhi.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : अध्यक्ष महोदया, मैं देश की राजधानी दिल्ली में स्थित आखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल साहित सफदरजंग अस्पताल एवं पण्डित गोविन्द वल्लभ पन्त अस्पताल एवं ऐसे बहुत से सरकारी अस्पताल जो दिल्ली में हैं, उनकी तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। वहां गंभीर बीमारियों से ग्रस्त रेफर किए हुए मरीज सभी प्रदेशों से, विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र और उत्तर प्रदेश से बड़ी मात्रा में आते हैं। उनको शीघ्रातिशीघ्र इलाज या ऑपरेशन की जरूरत होती है। यहां पहले तो उनका रजिस्ट्रेशन नहीं होता है, वहां उनको काफी समय लगता है, फिर आवश्यक जांच के लिए लम्बे अन्तराल का, यहाँ तक कि एक-एक महीने का समय दिया जाता है। ऑपरेशन के लिए 6 माह से लेकर 1 वर्ष तक का समय दिया जाता है। इस अन्तराल में तमाम मरीज काल के ग्रास में अकाल मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं।

महोदया, राज्यों में इलाज कोई व्यवस्था नहीं है। विशेषकर उत्तर प्रदेश में जिला अस्पताल से लेकर राजकीय अस्पतालों से सीधे एम्स के लिए रेफर कर दिया जाता है। यहाँ पर उनके इलाज की जब ऐसी दुर्व्यवस्था होती है, तब उनको बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ता है।

महोदया, मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध है कि प्रदेशों में स्थित अस्पतालों का उच्चीकरण करते हुए सभी सुविधाओं से लैस बनाकर गम्भीर बीमारी से ग्रस्त मरीजों को दिल्ली रेफर करने के बजाय प्रदेश में ही इलाज की सम्पूर्ण व्यवस्था की जाए और जिला स्तर के अस्पतालों को भी ठीक किया जाए। इसके साथ ही जो मरीज दिल्ली के अस्पतालों में प्रदेशों से आते हैं, उनकी परेशानियों को देखते हुए तत्काल रजिस्ट्रेशन और एक साथ सभी जांच कराने की व्यवस्था की जाए। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपकी बात हो गयी। अब आप बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री शरद त्रिपाठी को श्री भैरों प्रसाद मिश्र द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।